रजि. सं0 - 11

प्रगतिवाद बाल विकास योजना

PWBVY
प्रगतिवाद बाल विकास योजना

प्रधान कार्यालय : पुराना कोर्ट कैम्पस, कासमिरी गेट दिल्ली - 110006
कार्यालय : पिपरा बाजार, सुपौल - 852218
E-mil : info@pwbvyindia.org, Website : www.pwbvyindia.org

पत्रांक : PWBVY/217/21 दिनांक : 03-10-2021

सेवा में,

प्रखंड विकास पदाधिकारी

प्रखंड निर्मली जिला सुपौल राज्य बिहार

विषय:- प्रगतिवाद बाल विकास ट्रस्ट संस्था द्वारा ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र में चलाये जा रहे विभिन्न कार्यक्रमों में प्रोत्साहन करने के संबंध में ।

महोदय ,

हमारी संस्था प्रगतिवाद बाल विकास ट्रस्ट भारतीय ट्रस्ट अधिनियम--१८८२ के अंतर्गत दिल्ली से अखिल भारतीय स्तर पर पजीकृत है।
जिसका पंजीयन संख्या ११० हैं। बिहार प्रदेश में मुख्य शाखा कार्यालय ,पिपरा बजार, सुपौल--८५२२१८ में स्थित है। हमारी संस्था का मुख्य उदेश्य सामाजिक कल्याण कार्य करना है। जिसके अंतर्गत बिहार राज्य के विभिन्न में निम्नलिखित कार्यक्रम चला रही है। इस संबंध में आपसे से अनुरोध है की आप अपने स्तर से प्रखंड के विभिन्न पंचायतो के मुखिया को अपेक्षित सहयोग देने हेतु निर्देशिक करने की कृपा की जाए !

चलाये जा रहे कार्यक्रम का ब्योरा निम्नवत है।

१. बाल विवाह रोकथाम जागरूक्ता अभियान:- बाल विवाह से उत्पन्न विकृतियों और सामाजिक बुराइयों के प्रति आम नागरिक को जागरूक करने के लिए हमारे कार्यकर्त्ता राज्य के विभिन्न जिलो में जाकर जागरूक्ता शिविर संगोश्ठी और नुक्कड़ नाटक एवं सभा के माध्यम से लोगों को जागरूक करते है।

२. प्रगतिवाद बाल विद्यालय:-प्रगतिवाद बाल विकास ट्रस्ट के अंतर्गत प्रगतिवाद बाल विद्यालय हर वार्ड मे खोलकर उसके द्वारा उस वार्ड के ३ से ६ साल के बच्चों को निशुःल्क शिक्षा एवं पोषाहार देकर बच्चों को शिक्षा के प्रति जागरूक करने का प्रयास किया जाता है।

३. प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना :- ग्रामीण एवं बाहरी क्षेत्रो मे शिक्षित बेरोजगार युवक--युवतियों एवं महिलाओं को स्वालंबी बनाने हेतु कला कम्प्यूटर सिलाई ,कटाई,बुनाई, पेटिंग,सौन्दर्य प्रसाधन व्यावसायिक तकनिकी एवं गैर तकनिकी प्रशिक्षण देना।

४. ग्रामीण क्षेत्र मे संस्था के सदस्य जाकर नाशामुक्त जीवन जीने हेतु जागरुक्ता शिविर नुक्कड़ सभा और जन सम्पर्क के माध्यम से जागरुक्ता लाने का कार्य कर रही।

५. संस्था के उद्येश्यों की हेतु प्रासी हेतु सदस्या बनाना– चूँकी वर्तमान में संस्था को किसी सरकारी /गैर सरकारी आर्थिक साहयता मुहैया नही कराई गयी है इसलिए संस्था अपने सदस्यों से चंदा प्राप्त कर उपर वर्णित कार्य करने के लिए कृत संकल्पित है .

६. बेटी बचाओ बेटी पढाओ कन्या भ्रुण हत्या बाल मजदुरी और दहेज प्रथा की रोकथाम के लिए संस्था विशेष टीम गठित कर त्री स्तरिय व्यवस्था जिला प्रखंड एवं पंचायत स्तर पर सदस्य नियुक्त कर जागरुकता लाने का कार्य कर रही है।

७. ग्रमीण एवं शहरी क्षेत्र में संस्था अपने सदस्यों के परिवार के लिए एक शादी कोश का गठन किया हैं जिसमे सदस्य के परिवार के बच्चों जिनकी आयु ०-१४ वर्ष होती है का पंजीयन करती है। अनाथ एवं शारीरिक दिव्यांग बच्चों के लिए पंजीयन निशुल्क है। 18 वर्ष की आयु के उपरांत शादी होने पर प्रोत्साहन राशी अनुदान स्वरुप विवाह सामग्री के शादी समारोह में दी जाती है।

८. पर्यावरण संरक्षण हेतु लोगो को जागरुकता करना एवं वृक्ष –रोपण को बढावा देना । हरीत क्रांति के क्षेत्र मैं सरकार की विभिन्न योजनोओ से ग्रामीण क्षेत्रो की अवगत करना।

९. रक्त दान जीवन दान के अतर्गत आमलोगों को जागरुक करना और बिहार के विभिन्न जि में रक्त दान शिविर लगाने ताकि प्राकृति आपदा एवं आपातकालीन स्थिति मैं स्वास्थ्य जन सेवा मैं सहयोग करना ।

१०. प्रगतिवाद बाल विकास ट्रस्ट के अतर्गत ग्रामीण क्षेत्र मैं वार्ड स्तरिय प्रगतिवाद विद्यालय की स्थापना की जा रही है इस विद्यालय को सुचारु रुप से चलाने हेतु सेविका सहायिका एवं सुपरवाइजर की नियुक्ति संस्था के अधार पर की जा रही है

११. भारत सरकार के कार्यक्रम स्वच्छता अभियान और खुले मैं शौच मुक्त भारत को विभिन्न माध्यम जैसे जागरुक्ता शिविर नुक्कड नाटक द्वारा आम जनता को जागरुक करना ।

प्रार्थना है कि प्रखंड के, विभिन्न पंचायतो के मुखिया को सुचनार्थ एवं उसके अधिनस्त विकासमित्र/वार्ड सदस्य को अवगत कराने एवं उपेक्षित सहयोग निर्देश देने की कृपा करे।

संस्था इस कार्य के लिए आपका आभारी रहेगा ।

Paras Mishra
President
Pragativad Bal Vikas Trust
अध्यक्ष / सचिव
प्रगतिवाद बाल विकास ट्रस्ट
पिपरा बाजार, सुपौल